राष्ट्रीय सहारा
संडे
देहरादून
6 जून • 2021
पृष्ठ 12, वर्ष-14, अंक 4922, मूल्य ₹ 3.00
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
गढ़वाल संस्करण

गंगा को निर्मल और अविरल रखने को पौधरोपण जरूरी

उत्तरकाशी/एसएनबी। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके गंगा विचार मंच व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मांगलिसेरा में बाढ़ और देवदार प्रजाति के 200 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर गंगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि गंगा को निर्मल, अविरल बहते रहने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करने जरूरत है। दूसरी ओर कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में भी पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम में डुंडा ब्लॉक प्रमुख शैलेंद्र कोहली ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने पर जोर दिया। डुंडा रेंज के रेंजर पूजा बिष्ट ने कहा कि जंगलों की सुरक्षा और संवर्धन ही विभाग का मूल कार्य है। वन दारोगा खिलानंद लेखवार व प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि मानव जीवन के लिए वृक्ष ही सबसे महत्वपूर्ण है। पौधरोपण कार्यक्रम में प्रधान बरसाली सरिता बिष्ट, क्षेपंस गीता बिष्ट, डुंडा वीरपुर प्रधान सुनीता, पूर्व प्रधान गिरबीर बिष्ट, अमेन्द्र बिष्ट, सौरभ बिष्ट, अनमोल बिष्ट, गंगा विचार मंच के गजेंद्र बिष्ट, डिप्टी रेंजर प्यारेलाल प्रजापति, वन दारोगा खिलानंद लेखवार, वन दारोगा रामलाल, फारेस्ट गार्ड शिवेंद्र चौहान, उदय सिंह रावत, रामेन्द्र बिष्ट आदि मौजूद थे।

> गंगा विचार मंच और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मांगली सेरा में बाढ और देवदार के 200 पौधों का किया रोपण

दूसरी ओर कृषि विज्ञान केंद्र, चिन्यालीसौड़ में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर केन्द्र परिसर के आसपास कचनार एवं आवले के पौधों का रोपण किया गया, इसके बाद एक ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी शुरूआत केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. चित्रांगद सिंह राघव ने की। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रिलायंस फाउंडेशन के परियोजना निदेशक कमलेश गुरुरानी, कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान विशेषज्ञ डा. पंकज नौटियाल, विषय वस्तु विशेषज्ञ,कृषि प्रसार डा.गौरव पपनै नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे, वरुण सुप्याल, ख्याली राम, रीतिका भास्कर आदि थे।